RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

# परिवारों के लिए घर में उपयोग करने की एक मार्गदर्शिका

नॉर्थ कैरोलीना पब्लिक स्कूल में छठवीं कक्षा की अंग्रेज़ी भाषा कला

## पाठ्यक्रम की रूपरेखा

**पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, मेरा बच्चा यह सीख जाएगा...**

- किसी पाठ सामग्री की थीम या केंद्रीय विचार को पहचानने का तरीका।
- पाठ्य साक्ष्य के बारे में उल्लेख करने का तरीका।
- किसी पाठ सामग्री में शब्दों और वाक्यांशों के अर्थ निर्धारित करने का तरीका।
- पाठ सामग्रियों की संरचना का विश्लेषण करने का तरीका।
- विचार या उद्देश्य किसी पाठ की सामग्री और शैली को कैसे आकार देता है, इसके आकलन का तरीका।
- अलग-अलग मीडिया और फ़ॉर्मेट में प्रस्तुत की गई सामग्री का एकीकरण और मूल्यांकन, जिसमें शब्दों के साथ-साथ विजुअल तरीके से और परिमाणात्मक तरीके से मूल्यांकन करने का तरीका शामिल है।
- किसी पाठ में तर्क और विशिष्ट दावों का निरूपण और मूल्यांकन करने का तरीका, जिसमें तर्क-वितर्क की वैधता के साथ-साथ साक्ष्य की प्रासंगिकता और पर्याप्तता शामिल है।
- विभिन्न रूपों या शैलियों के पाठों की तुलना करना और अंतर बताने का तरीका।
- यह विश्लेषण करने का तरीका कि दो या अधिक पाठ ज्ञान निर्मित करने या लेखकों के दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए समान थीम या विषयों को कैसे संबोधित करते हैं।
- जटिल साहित्यिक और जानकारी वाले पाठों को स्वतंत्र रूप से और कुशलता से पढ़ने और समझने का तरीका।
- वैध तर्कों के साथ-साथ प्रासंगिक और पर्याप्त साक्ष्य का उपयोग करते हुए, मूल विषयों या पाठों के विश्लेषण में दावों का समर्थन करने के लिए तर्क लिखने का तरीका।
- स्पष्ट और सुसंगत लेखन निर्मित करने का तरीका जिसमें विकास, संगठन, और शैली, कार्य, उद्देश्य, और पाठकों के लिए उपयुक्त हों।
- लिखते या बोलते समय मानक अंग्रेज़ी व्याकरण और उपयोग की परंपरा पर अधिकार प्रदर्शित करने का तरीका।

**जानने के लिए उत्सुक हैं कि नॉर्थ कैरोलीना में छठवीं कक्षा ELA के लिए विशिष्ट मानक क्या हैं?**

अधिक जानने के लिए, **नॉर्थ कैरोलीना स्टैंडर्ड कोर्स ऑफ़ स्टडी** देखें। इस पाठ्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को क्या करने में सक्षम होना चाहिए, इस बारे में अतिरिक्त स्पष्टीकरण खोज रहे हैं? **NC DPI के खुले हुए सामग्री दस्तावेज़** देखें।

RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

# मुख्य शब्दावली

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **विश्लेषण** | किसी विषय के अर्थ और/या स्वभाव को समग्र रूप में समझने के लिए उसके घटकों का विस्तृत परीक्षण |
|  | **साक्ष्य** | किसी दावे या मूल्य कथन के लिए समर्थन के रूप में तथ्य और/या जानकारी (उद्धरण, सांख्यिकी, रेखांकन, इत्यादि) |
|   | **अनुमान** | उपलब्ध साक्ष्य की जाँच के बाद तार्किक विचार से निकाला गया निष्कर्ष |
|  | **सार/सारांशित करना** | किसी विस्तृत कार्य या पाठ के मुख्य बिंदुओं का संक्षिप्त कथन; ऐसा कथन या स्पष्टीकरण देने का कार्य |
|  | **थीम** | वह विषय या अंतर्निहित अर्थ जिसे साहित्यिक पाठ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से व्याख्यायित करता है, विकसित करता है, और/या उसका अन्वेषण करता है |
|  | **कथानक** | किसी कहानी, नाटक, फ़िल्म, इत्यादि में घटनाओं का क्रम |
|  | **तुलना करना और अंतर बताना** | तुलना करना – सामान्य अर्थ में, यह वस्तुओं, लोगों, इत्यादि के बीच समानता और अंतरों को आँकना या दर्ज करना है; हालाँकि, जब विषमता के साथ-साथ उपयोग किया जाता है, तो इसका अर्थ उन तरीकों को स्पष्ट करना है जिनमें दो या उससे अधिक वस्तुएँ, लोग, इत्यादि एक समान या मिलते-जुलते होते हों। |
|  | **शैली** | साहित्य या कला की कोई श्रेणी जिसकी विशेषता रूप, शैली और विषय कि समानता हो |
|  | **मुखर** | स्पष्ट और प्रत्यक्ष ढंग से कहा गया, जिसमें भ्रम या स्पष्टीकरण को कोई स्थान न दिया गया हो |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **मूल्यांकन करना** | सावधानी से विश्लेषण या जाँच करने के बाद गुणवत्ता या मूल्य निर्धारित करना |
|  | **जानकारी देने वाला पाठ** | ऐसा नॉन-फ़िक्शन पाठ, जिसका उद्देश्य किसी विषय के बारे में जानकारी देना या उसकी व्याख्या करना हो (उदा. इन्फ़ोग्राफ़िक, विज्ञापन, वृत्तचित्र फ़िल्म, इत्यादि) |
|  | **संपादन** | वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक लेखक व्याकरण और/या प्रचलन (जैसे, व्याकरणिक, संरचनात्मक, आदि) में त्रुटियों को ठीक करके, भाषा की शुद्धता की पुष्टि करके, अतिरेक को समाप्त आदि करके, किसी पाठ में सुधार करता है |
|  | **परस्पर प्रभाव डालना** | ऐसे ढंग से कार्य करना जिससे अन्य व्यक्ति प्रभावित होता हो |
|  | **व्याख्या करना** | विभिन्न शब्दों का उपयोग करते हुए कुछ लिखे या बोले हुए के अर्थ को व्यक्त करना, सामान्यतः स्पष्टीकरण या समझाने के उद्देश्य से |
|  | **कविता** | कोई साहित्यिक कार्य, जिसे सामान्यतः छंद में और व्यंजनात्मक भाषा का उपयोग करके संयोजित किया गया हो, आमतौर पर एक नियत संरचना का उपयोग करके संयोजित किया जाता है (उदा., सांगठनिक नियम) |
|  | **कारण और प्रभाव** | कारण: कुछ होने का कारण; प्रभाव: कारण के (सकारात्मक और नकारात्मक दोनों) परिणाम |
|  | **विचार** | कथा कहने वाले का, लेखक का या वक्ता का किसी आख्यान की घटनाओं के संबंध में दृष्टिकोण; घटनाओं या दी गई सूचना पर व्यक्ति का रुख घटनाओं या जानकारी के प्रति उसकी उन्मुख स्थिति (शारीरिक और/या मानसिक रूप में) |
|  | **दावा** | किसी चीज़ के सच का दावा(दावे), अक्सर कोई मूल्य कथन; सामान्यतः, कोई लेखक सच के दावे का समर्थन करने के लिए साक्ष्य का उपयोग करता है |

# कार्य के दौरान सीखना: कक्षा स्तर वाले कौशल

## कक्षा स्तर वाले कौशल के उदाहरण

**दावे और पाठ-आधारित साक्ष्य का उपयोग करने के कक्षा स्तर वाले उदाहरण:**

शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों को होमवर्क देना चाहिए। होमवर्क, विद्यार्थियों और उनकी उपलब्धियों पर एक सकारात्मक प्रभाव डालता है। ड्यूक विश्वविद्यालय के अनुसार, "(किए गए अध्ययनों के) 77 प्रतिशत में होमवर्क और उपलब्धि के बीच के जुड़ाव को सकारात्मक पाया गया।"

**पाठ-आधारित साक्ष्य के साथ थीम का विश्लेषण करने का कक्षा स्तर वाला उदाहरण:**

मुझे लगता है कि द गिवर की थीम आशा और बहादुरी की है। जोनास हमें दिखाते हैं कि हम तब भी बेहतर करने और बनने का प्रयास कर सकते हैं, जब ऐसा करना संभवतः सबसे आसान न हो। वे ये भी दिखाते हैं कि भविष्य के अज्ञात और डरावना होने के बावजूद भी लोग बदल सकते हैं और बहादुर हो सकते हैं।

**कविता में रूपक का परीक्षण करने के लिए संक्षिप्त करने और व्यंजनापूर्ण भाषा का उपयोग करने का कक्षा स्तर वाला उदाहरण:**

लैंग्स्टन ह्यूज़ की "मदर टू सन" एक रूपक की तरह, जीवन की तुलना एक क्षतिग्रस्त और टूटी सीढ़ी के साथ करती है और माँ जैसी सलाह के रूप में आशा प्रदान करती है। ह्यूज़ का रूपक समझाता है कि किस प्रकार जीवन समय-समय पर कठिन और चुनौती भरा हो सकता है, जहाँ जाने के लिए केवल एक ही स्थान ऊपर, सीढ़ी हो, या यह कि हम जीवन में बस इतना कर सकते हैं कि आगे बढ़ते रहें।

**बहु-विकल्प प्रारूप में संदर्भ संकेत के विश्लेषण का कक्षा स्तर उदाहरण:**

पाठ में से नीचे दिए गए वाक्य में नमूने का अर्थ क्या है?
“केमिस्ट ने अंततः रत्न की पहचान क्रिस्टल के एक प्रकार के रूप में कर ली और नई खोज का नामकरण, नमूना भेजने वाले व्यक्ति के नाम पर कर दिया।”

A. संपूर्ण वस्तु
B. एक छोटा भाग
C. एक पूरी इकाई
D. एक भारी वस्तु

उत्तर है: B

# संसाधन

आपके बच्चे को सीखने में सहयोग करने में आपकी मदद करने के लिए लिंक और ऑनलाइन संसाधन।

- NEWSELA - सूचना समाचार लेख
- EL Education - छठवीं कक्षा संसाधन
- Brainpop - ELA संसाधन
- Prodigy - ELA गेम-आधारित संसाधन

# घरेलू कनेक्शन

आपका बच्चा, जिन चीज़ों को पढ़ और/या ध्यान से देख सकता है उनके बारे में उससे बात करना बहुत लाभदायक होता है। आप समाचार लेखों, फ़िल्मों, यहाँ तक कि टीवी शो की चर्चा कर सकते हैं! आप उन चीज़ों के बारे में अपने बच्चे से बातचीत कर सकते हैं जिन पर उसका ध्यान गया हो, जिन्होंने उसे आकर्षित किया हो, या कुछ ऐसा जिसका कुछ अर्थ न हो।

- मुझे किसी कहानी के मुख्य विचार का पता लगाने का तरीका बताओ।
- मुझे एक कहानी की पृष्ठभूमि के बारे में बताओ।
- मुझे बताओ कि हम [कोई भी दो चीज़] की तुलना और उनका अंतर कैसे कर सकते हैं।
- मुझे बताओ कि तुम्हें कैसे पता है कि यह सच है [साक्ष्य एकत्र की खोज करें]।
- साथ-साथ कोई कहानी या लेख पढ़ें और आपने जो पढ़ा हो, उसके बारे में बात करें।

# अनुमानित चुनौतियाँ

अपने बच्चों को संघर्ष करते हुए देखना कठिन होता है, लेकिन यह सीखने की प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा होता है। जब वे संघर्ष कर रहे हों, तब सहयोगी और प्रोत्साहक बनें और उन्हें मज़े के लिए वह चीज़ पढ़ने का प्रोत्साहन दें, जिनमें उन्हें आनंद आता है।

- अक्सर पढ़ें और सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा आपको भी मज़े से किताबें पढ़ते देखे।
- आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अपने बच्चे से उस विषय के बारे में पूछें, जिसे वह पढ़ता है। आपको समझाने से उनकी अपनी समझ में सहायता होगी।
- अपने बच्चे के साथ वास्तविक दुनिया की घटनाओं के बारे में बात करें और अपने बच्चे के साथ उनके बारे में पढ़ें।

# अपने बच्चे के शिक्षक के साथ बातचीत करना

अब भी रुकावट महसूस कर रहे हैं? आप अपने बच्चे का सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए क्या कर सकते हैं, इसकी चर्चा करने के लिए उसके शिक्षक से संपर्क करें। कुछ प्रश्न जो आपकी चर्चा में मार्गदर्शन कर सकते हैं:

- आप किन संसाधनों का सुझाव देंगे, जिनका उपयोग मैं अपने बच्चे की सहायता करने में करूँ?
- आप मेरे बच्चे को कहाँ संघर्ष करता हुआ देखते हैं? सहायता करने के लिए हम साथ में क्या कर सकते हैं?
- मेरे बच्चे को घर पर क्या अभ्यास करना चाहिए?
- मेरे बच्चे की सीखने में सहायता करने के लिए, हम साथ में कौन-सा सामूहिक संदेश भेज सकते हैं?

**तकनीकी सहायता चाहिए?**
तकनीकी सहायता के लिए, अपने विद्यार्थी के होम स्कूल से संपर्क करें। डिवाइस (PC, Mac, Chromebook, इत्यादि) और ब्राउज़र (Chrome, Firefox, Safari, इत्यादि) के प्रकार शामिल करें।

संदर्भ:

*कहीं भी उपयोग करने के लिए 2.4 मिलियन+ आकर्षक मुफ़्त छवियाँ - pixabay*। आकर्षक मुफ़्त छवियाँ और रॉयल्टी मुक्त स्टॉक। (n.d.)। 5 अप्रैल, 2022 को https://pixabay.com/ से पुनः प्राप्त किया गया
छवियाँ Google Drawings या Canva का उपयोग करके Rethink Education द्वारा बनाई गई हैं